भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 751
दिनांक 23 जुलाई, 2026

आंध्र प्रदेश के परिवारों को पाइप से प्राकृतिक गैस कनेक्शन

†751. **श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश के परिवारों को पाइप से प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्ष 2030 तक इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं;

(ग) क्या 31 मार्च, 2024 तक लगभग 2,75,500 घरों को पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान कोई भी नया कनेक्शन प्रदान नहीं किया गया था और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ): पाईप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है जो पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के प्राधिकृत कंपनियों द्वारा न्यूनतम कार्य कार्यक्रम' (एमडब्ल्यूपी) और तकनीकी-व्यावसायिक व्यवहार्यता के अनुसार किया जाता हैं।

आंध्र प्रदेश राज्य में, पीएनजीआरबी ने सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए 10 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) को प्राधिकृत किया है जिसके तहत मार्च 2032 तक 83,61,290 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने का एमडब्ल्यूपी लक्ष्य रखा गया है। दिनांक 31.05.2026 तक, सीजीडी कंपनियों ने आंध्र प्रदेश राज्य में 2,98,111 घरेलू पीएनजी (डी) कनेक्शन प्रदान किए हैं। दिनांक 31.03.2024 तक आंध्र प्रदेश राज्य में पीएनजी (डी) कनेक्शन की जिले-वार प्रगति का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

विगत दो वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में प्रदान किए गए घरेलू पीएनजी कनेक्शन का ब्यौरा निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:

क्र.सं	वर्ष	प्रदान किए गए डीपीएनजी कनेक्शनों की संख्या	संचयी डीपीएनजी कनेक्शन हासिल किए गए
1	2024-25	6,894	2,82,411
2	2025-26	14,029	2,96,440

*****

अनुलग्नक

'आंध्र प्रदेश के परिवारों को पाइप से प्राकृतिक गैस कनेक्शन' के संबंध में श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा दिनांक 23.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 751 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

दिनांक 31.03.2024 की स्थिति के अनुसार आंध्र प्रदेश राज्य में (डी) कनेक्शन की ज़िलेवार प्रगति

क्र. सं.	जीए आईडी	जीए का नाम	अधिकृत संस्था का नाम	कवर किए गए जिले	पीएनजी (डी) कनेक्शन
1	1.04	काकीनाडा	भाग्यनगर गैस लिमिटेड	पूर्वी गोदावरी जिला	65,676
2	5.03	पूर्वी गोदावरी जिला (ईएएए)	गोदावरी गैस प्राइवेट लिमिटेड	पूर्वी गोदावरी जिला	49,800
3	5.04	पश्चिम गोदावरी जिला	गोदावरी गैस प्राइवेट लिमिटेड	पश्चिम गोदावरी जिला	51,107
4	5.06	कृष्णा जिला (ईएएए)	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	कृष्णा जिला	27,764
5	9.01	श्रीकाकुलम, विशाखापत्तनम और विजयनगरम जिले	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	श्रीकाकुलम जिला	-
6				विशाखापत्तनम जिला	5,463
7				विजयनगरम जिला	-
8	10.01	अनंतपुर और वाईएसआर (कडप्पा) जिले	एजीपी सिटी गैस प्राइवेट लिमिटेड	अनंतपुर जिला	5,071
9			एजीपी सिटी गैस प्राइवेट लिमिटेड	वाईएसआर (कडप्पा) जिला	6,010
10	10.02	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर जिला	एजीपी सिटी गैस प्राइवेट लिमिटेड	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर जिला	3,086
11	10.03	चित्तूर, कोलार और वेल्लोर जिले	एजीपी सिटी गैस प्राइवेट लिमिटेड	चित्तूर जिला	3,932
12	11.01	कुरनूल, गुंटूर और प्रकाशम जिले	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	गुंटूर जिला	-
13			इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	कुरनूल जिला	-
14			इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	प्रकाशम जिला	-
15	99.06	विजयवाड़ा	भाग्यनगर गैस लिमिटेड	कृष्णा जिला	57,608
कुल					2,75,517

(*स्रोत: पीएनजीआरबी*)

*****